राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

जालना में मारवाड़ी मंच द्वारा कार्यक्रम आयोजित

राज्यपाल का किया अभिनंदन

मारवाड़ी उद्यमिता के गुणों से युक्त मानव समुदाय—राज्यपाल

जयपुर 11 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि मारवाड़ी उद्यमिता के गुणों से युक्त मानव समुदाय है। जहां—जहां मारवाड़ी गए हैंए उन्होंने वहां की अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जहां जहां बैलगाड़ी पहंची वहां—वहां मारवाड़ी भी पहुंचे और वहां के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने जालना के मारवाड़ी उद्यमियों की चर्चा करते हुए महाराष्ट्र और पूरे देश में उनके महान योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

श्री बागडे शनिवार को जालना में मारवाड़ी मंच द्वारा आयोजित "पधारो म्हारा देश" कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कठिन संघर्ष से तप कर मारवाड़ियों ने राष्ट्र के उद्योगों में अपना स्थान बनाया है। उन्होंने अर्थव्यवस्था में मारवाड़ियों के योगदान को महती बताते हुए उनके द्वारा परोपकार के लिए किए कार्यों से प्रेरणा लेने का आहवान किया। उन्होंने मारवाड़ी समुदाय द्वारा उद्यमिता विकास के जरिए राष्ट्र समृद्धि के किए कार्यों की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रमुख उद्योगपतियों की सूची में राजस्थानी उद्योगपतियों की संख्या सबसे ज्यादा है। फोर्ब्स की सूची में भी देश के प्रमुख उद्योगपतियों और धनी व्यक्तियों में मारवाड़ी अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी कोई जाति नहीं हैए बल्कि विशिष्ट सामाजिक-सांस्कृतिक समूह का सूचक है। यह उद्यमिता के गुणों से युक्त मानव समुदाय है।

आरंभ में राज्यपाल श्री बागडे का मारवाड़ी मंच द्वारा अभिनंदन किया गया। उन्होंने मारवाड़ी मंच के पदाधिकारियों से संवाद कर राजस्थान में निवेश के लिए भी उन्हें प्रोत्साहित किया।

....

म्हारो लक्ष्य, राष्ट्री प्रगती...
पधारो म्हारा देश
जालना शहरवासी
सादर आमंत्रित हैं

स्थापना - १९८५